# घृणित बयान के खिलाफ लोग हो रहे हैं एकजुट

## सर्व ब्राह्मण समाज और अन्य संगठनों ने एसपी को ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**कोठी 27 नवंबर, आईएएस व अजाक्स का अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा दिए गए घृणित बयान पर अब बवाल मचाना शुरू हो गया है और पूरे देश में ब्राह्मण समाज में जबरदस्त गुस्सा देखने को मिल रहा है आज सतना में सर्व ब्राह्मण समाज संगठन एकत्रित होकर सतना एसपी हंसराज सिंह को ज्ञापन सौंप कर मांग की कि संतोष वर्मा पर कड़ी कार्रवाई की जाए और एफआईआर दर्ज की जाए।**

ज्ञापन में मांग की गई कि संतोष वर्मा ब्राह्मण समाज की बेटियों पर निंदनीय बयान दिया है संतोष वर्मा द्वारा दिया गया बयान घोर अपराध की श्रेणी आता में है यह ब्राह्मण की बेटी ही नहीं बल्कि संपूर्ण ब्राह्मण समाज का अपमान है जो क्षमा के योग्य नहीं है और पूरा समाज उसका बहिष्कार करता है और तत्काल उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई और बर्खास्त किए जाने की मांग तत्काल करता है। ब्राह्मण समाज के लोगों ने आगे कहा कि संतोष वर्मा की मानसिकता दूषित है जो समाज में वह नफरत फैलाने का काम करेगी इसलिए ऐसे व्यक्ति को समाज के साथ-साथ देश से बहिष्कृत कर पागल खाना डाल देना चाहिए। ज्ञापन सौंपने में जिला अधिवक्ता संघ, सर्व ब्राह्मण समाज संघ, परशुराम संगठन सहित सर्व ब्राह्मण समाज के लोगों ने सैकड़ो की संख्या में पहुंचकर एसपी सतना से कड़ी कार्रवाई की जाने की मांग रखी एसपी हंसराज सिंह ने कार्रवाई की जाने के लिए आश्वासित किया और कहा आवेदन पत्र पर विवेचना कर उचित कार्रवाई की जाएगी। परशुराम संगठन कोठी के अध्यक्ष बृजेश गर्ग ने कहा कि संतोष वर्मा को याद होना चाहिए कि इस धरती में ब्राह्मण ही एक ऐसा प्राणी है जो मानव नहीं बल्कि एक देव है बाकी सभी मनुष्य की श्रेणी में है इस बात को हम नहीं वेद कह रहे हैं बृजेश गर्ग ने कहा कि विप्र धेनु सुर संत हित लींह मनुज अवतार निज इच्छा निर्मित तनु माया गुरु गोपाल ब्राह्मणों की रक्षा के लिए स्वयं भगवान प्रकट हो जाते हैं संतोष वर्मा की हैसियत ही क्या है वह आईएएस जरूर है परंतु अपनी योग्यता के बल पर नहीं बल्कि आरक्षण के बल पर वह तो अपनी खुद किस्मत समझे कि यह भारतवर्ष है और ब्राह्मण एक ऐसा देव है जिसके अंदर संतोष है जिसके कारण संतोष वर्मा आईएएस है। इस दौरान रघुनाथ प्रसाद त्रिपाठी रवि प्रसाद गोस्वामी राजेश द्विवेदी राजाराम त्रिपाठी शरद मिश्रा छवि त्रिपाठी बृजेश गर्ग सोनू अरुण द्विवेदी आदित्य मिश्रा अरुण तिवारी श्रीकांत मिश्रा संतोष पांडे विश्वनाथ उपाध्यक्ष संतोष गौतम राजबहादुर द्विवेदी सतीश गौतम रमाशंकर शर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता संघ सहित ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।



# मॉब लिंचिंग के खिलाफ बजरंग दल ने दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सतना 27 नवंबर, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर जबलपुर में धर्म आस्था को ठेस पहुं चाने वाले और बजरंग दल के कार्यकर्ता के साथ मोब लिंचिंग कर जान से मारने का प्रयास करने वालों पर कार्यवाही की मांग कर विरोध दर्ज कराया और ज्ञापन एस डी एम साहब के हाथों सौंपा।**

विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री विपिन सिंह ने कहा कि रामायण के पात्रों पर घटिया पुस्तक लिख कर बांटना यह जबलपुर कांग्रेस के नेता लखन घनघोरिया की साजिश है संविधान की प्रति जलाने की झूठी अफवाह बात कर जातिगत संघर्ष खड़ा करना चाहते है जिससे दंगा भड़के विहिप ने ज्ञापन में एसडीएम थाना प्रभारी और अन्य जिम्मेवार अधिकारी जिन्होंने लिखित अनुमति दी उनकी जवाबदारी तय कर उन पर कड़ी कार्रवाई की मांग विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल करता है कार्रवाई न होने पर आगे बड़ा और उग्र आंदोलन पूरे महाकौशल प्रांत में होने वाला है।

ज्ञापन सौंपने वालों में से विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष विक्रम चौधरी, विपिन सिंह राजबहादुर मिश्रा, सागर गुप्ता, सचिन शुक्ला, अबीर द्विवेदी, आदर्श त्रिपाठी शशि शेखर सिंह, सुमित परहुआ, मनीष कुमार शर्मा, दीपक सोई, बब्लू श्रीवास्तव, अभिजीत गुप्ता, अश्विनी दहिया, राजू परवंदा, अनंत मिश्रा, सजल बाल्मीक, विनोद जायसवाल, राज श्रीवास्तव सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



# पुलिस ने किया भ्रमण, शराबियों को खदेड़ा

नवभारत न्यूज

**मैहर 27 नवंबर, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में आज देर रात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. चंचल नागर के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस, यातायात पुलिस एवं पुलिस लाइन के बल द्वारा संयुक्त रूप से सार्वजनिक स्थानों का भ्रमण किया गया।**

भ्रमण के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर उत्पात मचाने वाले व्यक्तियों को खदेड़ा गया तथा अनियमित एवं लापरवाह तरीके से बाइक चलाने वालों को कड़ी समझाइश दी गई और भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी गई। क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसी कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।




# देवरा महदेवा में चोरों ने घर में घुस लाखों का माल पार किया

नवभारत न्यूज

**कोटर 27 नवंबर, कोटर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात ग्राम महदेवा निवासी राजेश पांडेय के घर में घुसकर चोरों ने पेटी से सोना, चांदी एवं नगदी सहित कई लाख का माल पार कर दिया।**

राजेश पांडेय के अलावा दो अन्य लोग घर में सो रहे थे. परन्तु रात्रि में किसी वारदात का पता नहीं चला सुबह सामान अस्त व्यस्त देखकर लगा की घर में चोरी की वारदात हुई है देखने पर पेटी नहीं थी जिसमें कीमती आभूषण रखे थे जिसकी जानकारी कोटर थाना को दी गई सूचना मिलते हीं थाना प्रभारी जांच की प्रक्रिया चालू कर चोरों तक पहुंचने का प्रयास कर रहे है कोटर थाना की यह बहुत बड़ी घटना है जो घर में घुसकर चोरो ने देवर पार कर दिए।



# आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान के विरोध में पुतला दहन

## थाना रामनगर में कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**मैहर 27 नवंबर, बहन-बेटियों के प्रति कथित रूप से आपत्तिजनक और घृणित बयान देने वाले आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ जनाक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।**

बुधवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों, सर्व समाज के प्रतिनिधियों और युवाओं ने एकत्र होकर जोरदार रामनगर में विरोध प्रदर्शन किया तथा संतोष वर्मा का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अधिकारी द्वारा दिया गया कथित बयान न केवल महिलाओं का अपमान करता है, बल्कि समाज में वैमनस्य और असुरक्षा की भावना भी फैलाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयानों को किसी भी स्तर पर सहन नहीं किया जा सकता और दोषियों पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है। विरोध प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल थाना रामनगर पहुँचा और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संतोष वर्मा पर त्वरित एवं सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन को और विस्तृत एवं उग्र रूप दिया जाएगा।



# सालों से अधूरा पड़ा हुआ है कोठी का मुख्य द्वार

▸ विकास कार्य की गति कछुहे की चाल से भी कम

नवभारत न्यूज

**कोठी 27 नवंबर, मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने काफी पहले नगर परिषद कोठी के मुख्य द्वार का भूमि पूजन कर निर्माण शुरू कराया था, आज तक कोठी का मुख्य द्वार बनकर तैयार नहीं हुआ और आधा अधूरा होने पर लोगों का मुंह चिढ़ा रहा है।**

जिम्मेदारों की निष्क्रियता की वजह से कोठी नगर परिषद के अंतर्गत होने वाले सभी विकास कार्य की गति कछुहे की भी चाल से कम है अन्यथा कछुए की भी चाल से कार्य किया गया होता तो आज नगर की तस्वीर कुछ अलग दिखती जिम्मेदारों की उत्सुकता न होने की वजह से ऐसा सब हो रहा है नगर परिषद के अध्यक्ष, सीएमओ, इंजीनियर सभी इस विषय पर चुप्पी साधे हुए हैं और कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे जबकि यह कार्य तो 100 दिवस में ही पूर्ण हो जाना चाहिए था क्योंकि कोई बहुत बड़ा प्रोजेक्ट नहीं है सिर्फ नगर की सुंदरता बढ़ाने के लिए मुख्य द्वार का निर्माण नगर परिषद की सीमा के आसपास किया गया है कोठी के बाइपास तिराहे के पास बन रहा मुख्य द्वार सालों से अधूरा पड़ा हुआ है और अभी भी काम बंद है कब तक में बनकर तैयार होगा यह भविष्य के गर्त में है जबकि समय सीमा पहले ही पूर्ण हो चुकी है फिर भी इसे बनवाए जाने में किसी की भी दिलचस्पी नहीं है जब नगर की जिम्मेदारों को ही कोई जल्दबाजी नहीं है तो फिर ठेकेदार को क्या पड़ी है।

# संविधान दिवस पर शामावि पटनी में कार्यक्रम आयोजित



नवभारत न्यूज

**मझगवां 27 नवंबर,** वीरांगना दुर्गावती ग्रामीण विकास एवं शोध समिति पटना मझगवां जिला सतना मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामराज सिंह, स्याद्वाद इन्स्टीट्यूट ऑफ हायर एजूकेशन एंड रिसर्च बागपत के डा.राकेश कुमार, डॉ हरीश बिक्रम अभिनंदन, प्रमोद शाह मरावी खेल एवं युवा समन्वयक व समिति प्रदेशाध्यक्ष, सीताराम विश्वकर्मा शिक्षक, अरुणा सिंह, जीतेश सिंह की उपस्थिति में संविधान दिवस का आयोजन शासकीय माध्यमिक विद्यालय पटनी में किया गया इसमें विद्यालय के बच्चों ने सहभागिता की। संविधान दिवस पर भारतीय संविधान की मूल भावना, अधिकार व कर्तव्य पर उपस्थित महानुभावों द्वारा जानकारी दी गई साथ ही संविधान की प्रस्तावना पढ़ कर सुनाया गया और देश, संविधान की रक्षा के लिए संकल्प लिया गया।

### पांच साल में कभी मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का दरवाजा नहीं खुला




जिले के विकासखंड मझगवां के कृषि उपज मंडी समिति में 4-5 साल पूर्व मृदा परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना की गई थी। तब से आज तक यह प्रयोगशाला कभी खुली नहीं, ना ही कभी किसी किसान के खेत की मिट्टी का परिक्षण हुआ। किसानों का कहना है कि हम लोगों को पता नहीं चला कि यहां मिट्टी परीक्षण केंद्र है इंद्र प्रसाद यादव का कहना है हम लोग कभी नहीं जाने कि यहां परीक्षण केंद्र भी खुला है लाखों की बिल्डिंग धूल में मिल रही है। किसी को पता नहीं है कि केंद्र में कोई कर्मचारी पदस्थ है या नहीं, अगर पदस्थ है तो कहां है और क्या करता है।

# स्वास्थ्य शिविर में जांच कर 350 लोगों को दी गई दवाएं

नवभारत न्यूज

**रामनगर 27 नवंबर, अल्ट्राटेक कंपनी एवं स्वास्थ्य विभाग देवराजनगर द्वारा संयुक्त रूप से 20 नवंबर 2025 को अरगट उपस्वास्थ्य केंद्र एवं आज दिनांक 27 नंबर 2025 को हिनौती में जनसमुदाय की जांच हेतु स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।**

अरगट में स्वास्थ्य शिविर दौरान 152 लोगों को जांच उपरांत उपचार कर दवाईयां दी गई एवं हिनौती में 208 जन मानस व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच करते उन्हें नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई गई। साथ ही ठंड से बचाने ज्यादातर गर्म कपड़े की सलाह दी गई। स्वास्थ्य परिक्षण कैंप में बिकास खण्ड मेडिकल आफीसर डॉक्टर आलोक अवधिया, डॉक्टर शिवांक तिवारी, डॉक्टर संकल्प सिंह, बीपी सग्गू प्लांटेड अभिषेक शर्मा, एचआर हेड दिनेश शर्मा रहे। एवं अल्ट्राटेक प्लाट के एडमिन हेड, सीआरएस टीम से वर्षा वर्मा सीएचओ, प्रतिमा निगम सरपंच भैयालाल कोल, सुपरवाइजर एवं समस्त आशा कार्यकर्ता के साथ, ऋषिकेश मिश्रा सहायक सचिव, इंद्रावण तिवारी, बृजेश मिश्रा, राजेश, वीरेश तिवारी, सतीश गुप्ता, बालू सेन, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।




# जुंआ फड़ पर छापा, 5 जुआड़ी पकड़ाए

▸ 5 मोटरसाइकिल सहित जप्त किए 3500/- रूपए

नवभारत न्यूज

**मैहर 27 नवंबर, मैहर जिले के अमदरा थाना पुलिस ने ग्राम खेरवासानी नहर के पास पहडिया में दबिश देकर जुंआ खेलते हुए 5 आरोपियों को पकड़ा एवं उनके कब्जे से 3500/- रूपए नगद एवं ताश के पत्ते सहित 5 मोटरसाइकिल जप्त किए है।**

पकड़े गए आरोपियों में शिवकुमार कुशवाहा पिता रामपाल कुशवाहा उम्र 39 वर्ष निवासी सेमरा थाना अमदरा जिला मैहर, शेख बिलाल पिता शेख सहीदू उम्र 20 वर्ष निवासी अमदरा मस्जिद के सामने थाना अमदरा जिला मैहर, रामपाल गुप्ता पिता बिहारीलाल गुप्ता उम्र 38 वर्ष निवासी खेरवासानी थाना अमदरा जिला मैहर, सौरभ सिहं पिता भैय्या सिहं बागरी उम्र 27 वर्ष निवासी नयागाँव थाना अमदरा जिला मैहर एवं मुकेश गुप्ता पिता बाला प्रसाद गुप्ता उम्र 40 वर्ष निवासी नयागाँव थाना अमदरा जिला मैहर शामिल हुए हैं। इस कार्रवाई में निरी. के.पी. त्रिपाठी, सहायक उपनिरीक्षक, शशिकांत प्यासी प्रधान आरक्षक राजकुमार तिवारी राघवेंद्र सिंह आरक्षक सुखी लाल, अनिल यादव शामिल रहे।




# अखंड ब्राह्मण सेवा समिति अमरपाटन इकाई ने सौंपा ज्ञापन

## आजाक्स अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 27 नवंबर, मध्य प्रदेश के आइएएस अधिकारी और अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के अध्यक्ष संतोष वर्मा ने बीते दिनों ब्राम्हण बेटियों को लेकर अभद्र टिप्पणी की। इसके बाद से संतोष वर्मा को लेकर आक्रोश जारी है।**

उनकी इस असभ्य, अमर्यादित टिप्पणी को लेकर प्रदेश भर में उबाल है। कई संगठनों ने अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए थानों में आवेदन पत्र दिया है।

इस बीच अमरपाटन में अखंड ब्राम्हण सेवा समिति भारतवर्ष संगठन की अमरपाटन इकाई ने थाना परिसर अमरपाटन में पहुंच कर नाराजगी जाहिर करते हुए बयान देने वाले अधिकारी पर एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए, महामहिम राष्ट्रपति, महिला आयोग दिल्ली, मानवायोग दिल्ली, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, व कलेक्टर मैहर के नाम ज्ञापन सौपा हैं।



# भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा है संविधान : गर्ग

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 27नवम्बर, संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थियों व लोगों को जागरूक करते हुए प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस दौरान भारतीय संविधान की विशेषता व उसके महत्व की जानकारी देते हुए समर्पण की शपथ भी दिलाई गई।**

कलेक्टरेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन देशभर में भारतीय संविधान की भावना, मूल्यों और आदर्शों के प्रति समर्पण व्यक्त किया जाता है। बताया कि संविधान दिवस की शुरुआत 2015 में की गई थी ताकि भारतीय नागरिकों विशेषकर युवाओं में संवैधानिक मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकृत किया था, इसलिए यह दिन राष्ट्र के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है। संविधान दिवस नागरिकों को यह स्मरण कराता है कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत की लोकतांत्रिक आत्मा का परिचायक है।



# सरस्वती शिशु मंदिर अटरा में हुआ सप्त शक्ति संगम

नवभारत न्यूज

**कोटर 27 नवंबर, शिशु मंदिर अटरा में सप्त शक्ति संगम समारोह विगत दिवस संपन्न हुआ जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती अर्चना सिंह (विभाग कार्यवाहिका) राष्ट्र सेविका समिति विभाग सतना रही।**

अध्यक्षता श्रीमती सोनू पांडेय अटरा (नगर कार्यवाहिका) राष्ट्रसेविका समिति ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम अटरा की उप सरपंच श्रीमती आराधना सिंह रही, कार्यक्रम का संचालक विद्यालय की संयोजक श्रीमती संध्या पांडे एवं आकांक्षा पांडे ने किया, स्वल्पाहार चाय के साथ कार्यक्रम समापन हुआ।



# वैवाहिक सीजन के चलते बाजार में रौनक

नवभारत न्यूज

**कोठी 27 नवंबर, 5 महीने के लंबे अंतराल के बाद फिर से शादी विवाह का सीजन वापस आया है जिसके चलते खरीददारी में भी तेजी आई है और बाजार में रौनक देखने को मिल रही है।**

कोठी के कई व्यापारियों ने बताया कि वैवाहिक सीजन होने की वजह से सभी व्यापार में वृद्धि हुई है दुकानदारों ने भी अपनी दुकान तरह-तरह की वैरायटी से सजा रखा है और स्टाक भी बढ़ाया है विशेष कर कपड़ा के व्यापारियों के चेहरे और खिले हुए हैं ठंड के साथ-साथ वैवाहिकी खरीदारी बढ़ने से व्यापारियों का संतुलन बना रहता है और सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हो जाती हैं। कोठी के ही व्यापारी राम भगत गुप्ता ने कहा कि वैवाहिक जीवन के चलते सभी व्यापार में वृद्धि हुई है चाहे वह कोई सा भी व्यापार हो विवाह के चलते लोगों को हर सामान की आवश्यकता पड़ती है किराना से लेकर सोने चांदी कपड़ा व अन्य व्यवसाय भी बढ़े हैं इस वजह से व्यापारियों के चेहरे में रौनक देखने को मिल रही है और बाजार भी खिला हुआ है।



# घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक

## नायब तहसीलदार अमदरा एस.बी. सिंह के प्रयासों से जिले में सर्वाधिक 90 .15 प्रतिशत फॉर्म भरवाए गए

नवभारत न्यूज

**मैहर 27 नवंबर, मतदाता जागरूकता अभियान को गति देने के लिए मैहर क्षेत्र में नायब तहसीलदार अमदरा एस.बी. सिंह द्वारा किया जा रहा कार्य मिसाल बनता जा रहा है।**

आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए श्री सिंह स्वयं टीम के साथ घर-घर पहुँचकर लोगों को मतदान के महत्व से अवगत करा रहे हैं और उन्हें मतदाता सूची में नाम जुड़वाने व सुधार कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

**घर - घर पहुंचकर लोगों को समझा रहे मतदान का महत्व-** अमदरा नायब तहसीलदार एस.बी. सिंह सुबह से लेकर देर शाम तक विभिन्न मोहल्लों और गाँवों में भ्रमण कर रहे हैं। वे प्रत्येक घर में जाकर लोगों से संवाद कर रहे हैं, मतदाताओं को फॉर्म भरने की प्रक्रिया समझा रहे हैं और जो मतदाता स्वयं फॉर्म नहीं भर सकते, उन्हें टीम सहित तत्काल सहायता भी प्रदान कर रहे हैं।

**मौके पर ही फॉर्म भरवाए जा रहे लोगों में दिखा उत्साह-** अमदरा टीम स्थल पर ही फॉर्म उपलब्ध करवा रही है तथा ऑनलाइन एंट्री भी मौके पर की जा रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले उन लोगों को बड़ी राहत मिली है, जिन्हें तहसील या पंचायत कार्यालय तक आने में कठिनाई होती है। स्थानीय लोगों ने नायब तहसीलदार और उनकी टीम की इस पहल की सराहना की है, क्योंकि पहली बार कोई राजस्व अधिकारी इस तरह सक्रिय रूप से मतदान जागरूकता में जुटा हुआ दिखाई दे रहा है।

**जिले में सर्वाधिक उपलब्धि, 90.15त्न फॉर्म भरवाए-** अब तक नायब तहसीलदार एस.बी. सिंह द्वारा मैहर जिले में अपने नोडल क्षेत्र में सर्वाधिक 90.15त्न फॉर्म भरवाए जा चुके हैं, जो जिले में सबसे अधिक प्रतिशत है। यह उपलब्धि उनकी निष्ठा, मेहनत और टीमवर्क का परिणाम मानी जा रही है।





### चुनावी तैयारियों को मिली गति

मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने और त्रुटियों को सुधारने के इस अभियान से आगामी चुनाव व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। प्रशासनिक स्तर पर भी उनके कार्य की सराहना की जा रही है, क्योंकि उच्च प्रतिशत में फॉर्म भरवाना एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।